>

Title: Need for Central Government's share of assistance for completing the water supply scheme at Chaas Muncipal area in Bokaro, Jharkhand.

श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद): आदरणीय सभापति महोदया, आपके माध्यम से लाखों लोगों से संबंधित पीने के पानी की समस्या को सदन के सामने रखना चाहता हूं। झारखंड राज्य के बोकारो के चास जिले के नगर पालिका क्षेत्र में जल आपूर्ति योजना सात-आठ वर्ष पूर्व केंद्र सरकार के सहयोग से प्रारम्भ की गई थी, लेकिन उस योजना में 28 करोड़ रुपए के काम हुए और 20 करोड़ रुपए का भुगतान भी किया गया। केंद्र सरकार ने अपने अंशदान को देना बंद कर दिया है, जिसके कारण सात-आठ महीनों से वह योजना बंद पड़ी है। अभी उसमें पचास करोड़ खर्च होंगे। बोकारो से सटा हुआ चास, जिसमें बोकारो के लोगों को सभी प्रकार की सुविधा मिलती है, लेकिन चास नगर पालिका क्षेत्र के लोगों को कोई सुविधा पीने के पानी की नहीं है। दामोदर नदी से ला कर इस परियोजना को पूरा करना है। इस भीषण जल संकट से लाखों लोग प्रभावित हैं।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि जल्द से जल्द जल आपूर्ति योजना को पूरा करने के लिए सरकार अपने अंशदान को दे।